Passengar Trains between Kalipahadi-Mohishila-Damodar

2861. SHRI SUNIL BASU RAI: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether Government propose to introduce passenger trains between Kalipahari-Mohishila-Damodar;

(b) if so, the details thereof; and

(c) if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI K. C. LENKA): (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

(c) Lack of infrastructure facilities and resources.

आजमगढ़, जौनपुर में मीटर लाइन को बड़ी लाइन में बदलने की योजना

2862. **श्री मुहम्मद मसूद खान:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पूर्वी उत्तर प्रदेश में आजमगढ़, जौनपुर, मऊ, बलया आदि में मीटर लाइन को बडी लाइन में बदलने की संशोधित योजनाओं के अधीन कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है ; और

(ख) क्या यह सच है कि कुछ सांसदों ने आजमगढ़, के फूलपुर, फरह सथयाग जनपद को पूरे हाल्ट स्टेशन के रूप में बदलने के लिए उनको 8 फरवरी, 1993 को एक पत्र लिखा था, जिस पर मंत्री जी ने वहां यथास्थिति कायम रखने का आदेश दिया था, यदि हां, तो क्या यह आदेश संबंधित स्टेशन तक पहुंचा दिया गया है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० सी० लेंका) : (क) मऊ-आजमगढ़-शाहगंज का आमान परिवर्तन कार्य आमान परिवर्तन की कार्ययोजना के चरण–I में शामिल है और इसे संसाधनो की उपलब्धता के अनुसार आगामी वर्षों में शुरू किया जाएगा, औंडिहार-बलिया-छपरा का आमान परिवर्तन का कार्य चल रहा है और इसको 1995–96 में पूरा करने का लक्ष्य है, अगले चरण को शुरू करते समय अन्य लाइनों के साथ जौनपुर-औंडिहार लाइन के आमान परिवर्तन पर विचार किया जाएगा।

(ख) जी हां, पूर्वोत्तर रेलवे ने फिलहाल यथापूर्व स्थिति बनाए रखने का भी विनिश्चिय किया है ।

हावड़ा नई दिल्ली डीलक्स एक्सप्रेस का चलाया जाना

2863. **श्री गया सिंह :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या हावडा-नई दिल्ली डीजक्स एक्सप्रेस को बरास्ता पटना धनबाद चलाया जा सकता है ; यदि हां, तो कब से, यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ;

(ख) क्या तिनसुखिया मेल में श्रेणी-I का वातानुकूलित डिब्बा और एक अतिरिक्त श्रेणी–II का वातानुकूलित डिब्बा जोंडा जा सकता है; यदि नही तो इसमें आने वाली संभावित कठिनाइयों का ब्यौरा क्या हैं; और

(ग) इस रेलगाडी में पटना से दिल्ली आने-जाने वाले यात्रियों के लिए द्वितीय श्रेणी में कम से कम 25 सीटों और 10 शायिकाओं के आरक्षण कोटे में तत्काल वृद्धि करन में पेश आने वाली कठिनाइयों का ब्यौरा क्या है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के०सी०लेंका) (क) : जी नही, पटना और धनबाद के रास्ते गाडी चलाना परिचालनिक दृष्टि से असुविधाजनक और वाणिज्यक संतुष्ट से एकल लाइन खंड पर 98 कि० दृष्टि से असंगत है क्योकि ऐसा करने से मी० की अतिरिक्त यात्रा करनी पडेगी जिससे यात्रा मे अधिक समय लगेगा और किराया भी अधिक देना पडेगा